कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
(विकसित भारत –रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)
(VB-GRAM-G)) जिला–राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

क्रमांक / 316 / जि.पं. / स्था. / VB-G RAM G / 2026–27 राजनांदगांव, दिनांक 16 / 10 / 2026

पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधीन कार्यालय आयुक्त, विकसित–भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण),तृतीय तल, विकास भवन, नवा रायपुर के पत्र कमांक I/566646 / 2026 / वि–7 / VB-GRAM G / स्था. / नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06.08.2026 एवं आयुक्त कार्या. का पत्र क्र. I/608889/2026 / वि–7 / VB-GRAM G / स्था. / नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.08.2026 द्वारा विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण),योजना अंतर्गत जिला राजनांदगांव / खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई / मोहला–मानपुर–अं.चौकी हेतु निम्नानुसार स्वीकृत पदों की भर्ती किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत संविदा पदों में चयन हेतु शैक्षणिक अर्हता व मेरिट अंक के निर्धारण के अनुक्रम पर जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर अधोलिखित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी, इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 10-11-2026 को सायं 05:30** बजे तक निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है:–

<table>
<tr><th>क्र.</th><th>पद का नाम एवं आरक्षण</th><th>पद संख्या</th><th>एकमुश्त वेतन</th><th>न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता</th><th colspan="2">मेरिट हेतु अंक निर्धारण</th></tr>
<tr><td rowspan="7">1</td><td rowspan="7">कम्प्यूटर प्रोग्रामर
<table>
<tr><th colspan="6">(जिला स्तर पर)</th></tr>
<tr><th>वर्ग</th><th>मुक्त</th><th>महिला</th><th>भूपूसै</th><th>विक</th><th>योग</th></tr>
<tr><td>अना</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>अजजा</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>अजा</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>अपिव</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>योग</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>2</td></tr>
</table></td><td rowspan="7">2</td><td rowspan="7">51780/–</td><td rowspan="7">प्रथम श्रेणी में बी.ई. कम्प्यूटर साईस / एम.सी.ए. / एम.एस.सी.(कम्प्यूटर साईस) / बी.ई. (आई.टी.)।
डाटा नेट टैक्नालॉजी / जावा / एम.एस. एस.क्यू.एल. / ओरेकल के ज्ञान को प्राथमिकता।</td><td>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>70 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td>डाट नेट टेक्नालॉजी / जावा / एम.एस.ए.क्यू.एल. / ओरेकल के ज्ञान पर</td><td>05 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>2 वर्ष तक से अधिक</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="7">2</td><td rowspan="7">कार्यक्रम अधिकारी
<table>
<tr><th colspan="6">(जनपद स्तर पर)</th></tr>
<tr><th>वर्ग</th><th>मुक्त</th><th>महिला</th><th>भूपूसै</th><th>विक</th><th>योग</th></tr>
<tr><td>अना</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>अजजा</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>अजा</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>अपिव</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>योग</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>2</td></tr>
</table></td><td rowspan="7">2</td><td rowspan="7">39875/–</td><td rowspan="7">प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए. / बी.ई. / MRTM (Master Of Rural Technology and Management / गणित / भौतिक विषय में स्नातकोत्तर।</td><td>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>70 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष तक का अनुभव</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष से अधिक का अनुभव</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="6">3</td><td rowspan="6">सहायक प्रोग्रामर
<table>
<tr><th colspan="6">(जनपद स्तर पर)</th></tr>
<tr><th>वर्ग</th><th>मुक्त</th><th>महिला</th><th>भूपूसै</th><th>विक</th><th>योग</th></tr>
<tr><td>अना</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>अजजा</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
<tr><td>अजा</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>अपिव</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>योग</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr>
</table></td><td rowspan="6">1</td><td rowspan="6">35165/–</td><td rowspan="6">किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / एम.सी.ए. या समकक्ष उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी में बी.ई. / बी.टेक या समकक्ष उपाधि।</td><td>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>45 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मैरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य)100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>40 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष तक का अनुभव</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष से अधिक का अनुभव</td><td>15 अंक</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td rowspan="7">4</td><td rowspan="7">लेखापाल
<table><tr><td colspan="6">(जनपद स्तर पर)</td></tr><tr><td>वर्ग</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>भूपूसै</td><td>विक</td><td>योग</td></tr><tr><td>अना</td><td>3</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>3</td></tr><tr><td>अजजा</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>2</td></tr><tr><td>अजा</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr><tr><td>अपिव</td><td>2</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>2</td></tr><tr><td>योग</td><td>8</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>8</td></tr></table></td><td rowspan="7">8</td><td rowspan="7">23350/-</td><td rowspan="7">55 प्रतिशत अंक में बी.कॉम उत्तीर्ण (अ.जा. एवं अ.ज.जा हेतु 50 प्रतिशत में बी कॉम)</td><td>हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>20 अंक</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>50 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा पर</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :-</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष तक का अनुभव</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष से अधिक का अनुभव</td><td>15 अंक</td></tr>
</table>

नियम एवं शर्तेः-

1. उक्त रिक्त पद पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में दिनांक 16-10-26 से दिनांक 10-11-26 तक स्वीकार किये जावेंगें। समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी दस्तावेज (स्व प्रमाणित) की प्रति सहित पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 10-11-26 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला राजनांदगांव कार्यालय में प्रेषित किया जावे।
2. आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वीकार्य होंगें। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की छायाप्रति जो स्व प्रमाणित हो संलग्न करें। वांछित प्रमाण पत्र नहीं होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।
3. आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का नवीनतम अभिप्रमाणित फोटो चिपकाना अनिवार्य है।
4. उक्त पद पर भर्ती छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, क्र. त्नसम/24/2026. वि. 3 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 09.02.2026 के अधिन जारी कि जा रही है ।
5. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई सूचना नहीं दी जायेगी एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
6. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध में नियुक्ति के समय शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
9. उम्मीदवार जिसनें ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात का समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
10. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र.एफ 9-1/2012/1-3 दिनांक 31.12.2012 एवं ज्ञापन क्र. No. RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर दिनांक 16.09.2026 के अनुसार शासकीय सेवा में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम/मण्डल/संविदा कर्मी/नगर सैनिकों के कर्मचारियों के लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
11. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्र. एफ 3-2/2015/1-3 नवा रायपुर अटल नगर रायपुर, दिनांक 18.01.2024 के अनुसार छग. राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों के लिये अधिकतम 05 वर्ष की छूट होगी। किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
12. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
13. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगें।
14. सेवा समाप्ति के बाद कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान आदि की पात्रता नहीं होगी।
15. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थयी एवं बिना कारण बताएं कभी भी सेवा समाप्त की जा सकती है। तथा संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा 01 माह पूर्व सूचना या उसके एवज में 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
16. संविदा नियुक्ति 28 फरवरी 2027 तक के लिये होगी। तत्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार के आधार पर पुनः 01 वर्ष हेतु बढ़ायी जा सकती है।
17. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा 01 माह पूर्व सूचना या उसके एवज में 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
18. प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किये जायेंगें।
19. दावा आपत्ति में केवल लिपकीय त्रुटि का ही सुधार किया जायेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
20. अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हो) समान पद व वेतन से संबंधित प्रासंगिक अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगें।
21. शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत किया जावेगा।

22. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रवर्गवार 1:10 में अभ्यर्थियों को बुलाया जायेगा। जो अभ्यर्थी कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होगा उसकी अभ्यर्थता स्वमेव निरस्त हो जायेगी।
23. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
24. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का प्रयास करता है, तों अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
25. ऐसे आवेदक जिन्हे पूर्व में अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किसी पद से पृथक किया गया अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नहीं की गयी है, वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगें। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
26. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी आवेदक को 12वीं में ए ग्रेड मिला हो तथा ए ग्रेड 80 से 90 प्रतिशत तक हो तो, उस आवेदक के अंक को 85 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जायेगी।
27. नियुक्ति के संबंध में संपूर्ण कार्यवाही एवं प्रक्रिया, इस हेतु गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी।
28. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जावेगा।
29. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची आदि की स्व प्रमाणित छायाप्रति सहित उम्मीदवार नीचे दिये जा रहे प्रारूप में आवेदन करें, जो दिनांक 10-11-2026 को कार्यालयीन समय पर सायं 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **"मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजनांदगांव"** के पते पर प्राप्त हो जाना चाहिए। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग आवश्यक रूप से उल्लेखित किया जाना चाहिए। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से सीधे, ई-मेल अथवा अन्य ईलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेगे।
30. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट https://rajnandgaon.nic.in पर भर्ती से संबंधित जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर,
जिला-राजनांदगांव

पृ. क्रमांक/317/जि.पं./स्था./VB-G RAM G/2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 16/10/2026

प्रतिलिपि :-

1. अपर मुख्य सचिव छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. आयुक्त विकसित भारत - जीरामजी विकास भवन तृतीय तल सेक्टर नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग की ओर सादर सूचनार्थ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला राजनांदगांव छ.ग. की ओर जिला की वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।
5. जिला जनसम्पर्क अधिकारी जिला राजनांदगांव छ.ग. की ओर दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ प्रेषित।
6. अध्यक्ष/सचिव/सदस्य जिला स्तरीय चयन समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत - .... जिला राजनांदगांव की ओर सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

कलेक्टर,
जिला-राजनांदगांव